मांग संख्या 67

मुख्य शीर्ष 4059

मद कमांक 1

गोबरा-नवापारा जिला-रायपुर में उप-तहसील कार्यालय भवन एवं स्टाफ क्वार्टर के निर्माण हेतु रूपये 42.23 लाख का व्यय संभावित है । इस हेतु राशि रूपये 100 का आकिस्मकता निधि से अग्रिम स्वीकृत किया गया है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः इस अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु राशि रूपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4202

मद कमांक 2

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय, रायपुर में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु रूपये 100 का आकस्मिकता निधि अग्रिम स्वीकृत किया गया है । इस कार्य की अनुमानित लागत रूपये 100.00 लाख है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

अतः इस अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु रूपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4216

मद कमांक 3

कचना, रायपुर में नवनिर्मित शासकीय आवास गृहों में विद्युतीकरण कार्य एवं आवासीय कॉलोनी में अधोसंरचना विकास कार्य (जिसकी अनुमानित लागत रूपये 250.00 लाख है) हेतु रूपये 100 का प्रतीक प्रावधान किया गया है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।